तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 23 मार्च 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

10 बिना लाइसेंस एवं कालातीत खाद्य सामग्री विक्रय पर...



10 जेपी स्कूल के ग्रेजुएशन सेरेमनी में छात्र मेरिट...



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक शराबखोरी पुलिस ने कार्रवाई की



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 21 मार्च की शाम 7 बजे बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 36 वर्षीय यशवंत गुप्ता पिता अशोक अन्य लोगो को शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा देता था, जिसे पुलिस ने दबोचा। नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम आंखीहर्रा वाले रास्ते में 21 मार्च को की शाम साढ़े 6 बजें आरोपी डुमरकोट निवासी 32 वर्षीय अक्षय कुमार गोटा पिता कल्याण सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़ा। कांकेर थानांतर्गत शिवनगर निवासी 30 चैतूराम सलाम पिता सुकालू के घर पुलिस ने 21 मार्च को शाम साढ़े 6 बजें रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से रखे महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लीटर महुआ शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बाइक पेड़ से टकराई चालक की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत निकिता पेट्रोल पंप के आगे मोड़ के पास 20 मार्च को 3 बजें सड़क दुर्घटना में डूडूमबाहरा निवासी 30 वर्षीय चंद्रकांत वट्टी पिता घुराउ राम का मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पेड़ से टकरा गया। अधिक चोट आने की वजह से उसकी मौता हो गई।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा मोड़ के पास 10 मार्च को सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक निचेकोटगांव निवासी46 वर्षीय मुरहाराम पटेल पिता बृजलाल मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 0459 को चलाते हुऐ मोदे अपनी ससुराल से घर जा रहा था। मिडिल स्कूल डोमाहर्रा मोड़ के पास मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुऐ एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल गिर गय व गंभीर चोट आई थी। गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक मृतक मुरहाराम पटेल के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आचार संहिता : 5173 पोस्टर-बैनर हटाए गए

कांकेर। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद सार्वजनिक सम्पति से 01 हजार 70 दीवार लेखन, 01 हजार 442 पोस्टर, 01 हजार 26 बैनर और 905 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 367 दीवार लेखन, 203 पोस्टर, 159 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 04 हजार 443 तथा निजी स्थलों से 730 सहित यानी कुल 05 हजार 173 पोस्टर-बैनर हटाए जा चुके हैं।

अपराध : दबंगों का मुखिया कैलाश राणा कांग्रेसी, माँ सरपंच व पिता शिक्षक

# वनकर्मियों की दबंगों ने की बेदम पिटाई 6 घायलों में 2 गंभीर, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विकासखंड दुर्गुकोंदल के परिक्षेत्र कोंडे से वन विभाग की टीम पीओआर से जब्तशुदा काष्ठ को भानुप्रतापपुर काष्ठागार ले जा रहे थे। सरपंच के बेटा ने लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को रोक लिया। वन अमले ने समझाया, परंतु सरपंच के बेटा के कहने पर अन्य कई दबंगों ने वन अमले पर ही हमला बोल दिया और उनकी कार के साथ तोड़फोड़ किया। दबंगों की मार पिटाई से वन विभाग के 6 कर्मचारी घायल हुए, जिसमें दो की हालत गंभीर है, जिनको बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के पास से ट्रैक्टर को जब्त किया और चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

■ पुलिस ने चार दबंगो से ट्रैक्टर को किया जब्त, किया गिरफ्तार

दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुँचे 41 वर्षीय सतीश कुमार ठाकुर पिता स्व. बलीराम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह परिक्षेत्र दुर्गूकोन्दल में परिक्षेत्र सहायक कोण्डें के पद पर पदस्थ है । 21 मार्च की दोपहर को 3 बजे पीओआर से जप्तशुदा काष्ठ को न्यू शोल्ड लाल रंग की ट्रैक्टर ट्राली में लोड करवाकर ट्रैक्टर चालक संतलाल टोहलिया निवासी सराधुघमरे के माध्यम से सराधुघमरे से भानुप्रतापपुर काष्ठागार भिजवा रहे थे। अपने अन्य सहकर्मी सुजीत सिंह खिलाड़ी परिक्षेत्र रक्षित डोरका एन्हुर, समीर कुमार नेताम परिक्षेत्र रक्षक घमरे एवं कोण्डें के साथ वाहन मारूति ब्रेजा क्रंमाक सीजी 10 बीपी 7870 से ट्रैक्टर ट्राली से आगे चल रहे थे। साधुमिचगांव मोड़ के पास रात को लगभग साढ़े 8 बजे पहुँचे थे, तभी बीच सड़क पर कैलाश राणा, हेमन्त कुमार, संतोष ध्रुवा सभी निवासी गुमडीडिही तथा सोनूराम पुडो निवासी पुडोमिचगांव के द्वारा ट्रैक्टर को रोककर वाहन चालक के साथ गाली गलौच करने लगे। ट्रैक्टर को रोककर भानुप्रतापपुर काष्ठागार जाने नहीं दे रहे थे, हमारे द्वारा उन लोगों को बताया गया कि यह जब्तशुदा पीओआर लकडियां हैं, जिसे हम भानुप्रतापपुर काष्ठागार लेकर जा रहे हैं। उसके बाद भी चारों युवक हम लोगों को गाली देने लगे और अन्य लोगों को बुला लिया। गुमडीडिही-पुडोमिचगांव ग्राम के अन्य व्यक्ति वहां अचानक से पहुंच गए और हम लोगों को जान से मारने की धमकी देने लगे। अंधेरा होने के कारण अन्य लोगों को नहीं पहचान पाया हूं। अपने अन्य सहकर्मियों दिनेश साहू परिक्षेत्र रक्षक.कवाचीकटेल, अजय नेताम परिक्षेत्र रक्षक दक्षिण मेड़ो, तेजभान सिंह शोरी परिक्षेत्र रक्षक कलवर को घटना की जानकारी दिया। वे तीनों बाइक से साधुमिचगांव मोड़ के पास पहुँचे, इनके द्वारा भी कैलाश राणा, सोनूराम पुडों, संतोष ध्रुवा, हेमन्त कुमार एवं उनके साथ के अन्य लोगों को समझाने का प्रयास किया परंतु आरोपी हमारी बात सुनने को तैयार नहीं थें। चारों आरोपी व अन्य आरोपियों ने हम लोगों के साथ मारपीट करने लगे। कैलाश राणा के द्वारा डण्डा से समीर नेताम के सिर पर हमला बोला, जिससे समीर नेताम के सिर में चोंट आई, जिससे काफी खून बहने लगा और वह वहीं गिर गया। बीच बचाव में दिनेश साहू को भी संतोष ध्रुवा द्वारा डण्डे से सिर पर वार किया, जिससे सिर पर चोटें लगी है। हम सभी जैसे-तैसे ▶▶ शेष पेज 10 पर









### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

दुर्गुकोंदल थाना प्रभारी योगेश कुमार सोनी ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि प्रार्थी की शिकायत पर कैलाश राणा, सोनूराम पुडों, संतोष ध्रुवा, हेमन्त कुमार एवं अन्य के खिलाफ धारा 183, 186, 294, 323, 34, 353,427, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर उक्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## आलपरस पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में हुई मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच के आदेश



मुठभेड़ : एक वर्दीधारी नक्सली का शव मिला, मृतक प्लाटून कमांडर पर 8 लाख का इनाम है घोषित

काकनार पहाड़ में फायरिंग की गूंज से गांव में दहशत, एक नक्सली ढेर एवं स्टेनगन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले के कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम-आलपरस के जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश दिया है।

■ जांच उपरांत तीन सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत 16 मार्च 2024 को दोपहर 02 बजे ग्राम आलपरस जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली ▶▶ शेष पेज 10 पर

## ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का नपं अध्यक्ष किया दौरा

पंचायत अध्यक्ष मोनिका शाह ने किसानों को मुआवजा दिलाने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

पखांजूर के परलकोट क्षेत्र में ओलावृष्टि से हुए क्षतिग्रस्त क्षेत्र का नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका शाहा, मंडल अध्यक्ष श्यामल मंडल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में दौरा किया गया। परलकोट क्षेत्र गोण्डाहूर के डोरकट्टा, आनंदनगर, जयपुर, रविंद्रनगर, कल्याणपुर, हृदयनगर, राधानगर, हांकेर, योगेंद्रनगर का दौरा कर क्षतिग्रस्त किसानों को मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।

ओलावृष्टि से हुए क्षतिग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर क्षतिग्रस्त किसानों के साथ बैठकर उनके दुःख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उनके साथ रहने का आश्वासन दिया। जिला महामंत्री एवं नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका शाहा ने बताया कि पलकोट क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र हैं। यहां के किसान अत्यधिक मेहनती होने के कारण पथरीली जमीन पर खेती फसल उत्पादन करके अपना जीवन यापन करते आ रहे हैं। लेकिन प्रकृति आपदा के कारण किसानों का कमर टूट गया एवं क्षेत्र में अनेक किसान परलकोट में मक्का की खेती किए हैं। लेकिन आंधी, तूफान, ओलावृष्टि के कारण उनका फसल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण किसानों को कई हेक्टर फसल नष्ट हो गया है एवं किसान परेशान हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया की प्रशासन से मांग करेंगे की जल्द से जल्द किसानों का प्रकरण तैयार कर उनकी मुआवजा राशि दिया जाए।



## भानुप्रतापपुर और चारामा क्षेत्र में दबिश तीन जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम केंवटी में 22 मार्च की रात 1 बजे खेत में जुआ खेल रहे सात जुआरियों को भानुप्रतापपुर पुलिस ने और चारामा थाना क्षेत्र में खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम केंवटी में कुछ लोग एक किसान के खेत में जुआ खेल रहे है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के बाद पुलिस रेड कार्यवाही करते हुए इलाके की घेराबंदी करना शुरू कर दिया। छापामार कार्रवाई के दौरान 7 लोगों को जुआं खेलते हुए पकड़ा गया जो मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे थे। पकड़े गए जुआरी खासपारा केंवटी निवासी 36 वर्षीय देवसिंह वट्टी पिता सियाराम वट्टी, पटेलपारा केंवटी निवासी 53 वर्षीय त्रिभुवन नुरूटी पिता अंजोरी नुरूटी, 37 वर्षीय राजेन्द्र कुमार टांडिया पिता स्व. जयलाल टांडिया, 32 वर्षीय सोमनाथ मर्रापी पिता स्व. दसरू राम, 24 वर्षीय गेंदलाल यादव पिता स्व. शिवलाल, शिकारीपारा निवासी 35 वर्षीय श्यामसिंह दुग्गा पिता स्व. सुखमन दुग्गा और हरहरपानी निवासी 44 वर्षीय जितेन्द्र चन्द्राकर पिता स्व. भुपाल सिंह के कब्जे से कुल 7 हजार 460 रूपएं, एक मोमबत्ती, ताश के 52 पत्ते एवं एक गमछा को जप्त कर धारा 3(2) छग जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मैदान में जुआ खेल रहे तीन जुआरी को पुलिस ने दबोचा अन्य फरार

चारामा थानांतर्गत ग्राम तुएगहन के मैदान में जुआं खेल रहे जुआरियों को चारामा पुलिस ने 21 मार्च की शाम पौने 6 बजें पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए ईलाके की घेराबंदी किया। ग्राम तुएगहन रोड किनारे मैदान में जुआ खेल रहे तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया व अन्य व्यक्ति वहां से भाग गए। पकड़े गए तीनों व्यक्तियों से नाम पता पुछने पर अपना नाम नाकापारा चारामा निवासी 44 वर्षीय रमेश कुमार महिलांगे पिता खोरबाहरा महिलांगे, कसावाही निवासी 40 वर्षीय कृत कुमार मंडावी पिता धरम सिंग मंडावी और गांड़ागौरी निवासी 31 वर्षीय विजय कावड़े पिता धनसिंग को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते, सफेद रंग का झिल्ली व फड़ से 600 रूपएं तथा आरोपी रमेश के पास से 260 रूपएं, कृत कुमार के पास से 140 रूपएं और विजय के पास से 200 रूपएं कुल 1 हजार 200 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## दो वाहनों की भिड़ंत में एक की मौत, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर थानांतर्गत पंडरीपानी के तालाब के पास एक्टिवा व बाईक के बीच हुई सड़क दुर्घटना में वाहन में सवार सभी लोगो को चोटे आई थी। घायलो को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान देवराज विश्वकर्मा का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना में पाया गया कि 19 मार्च को मृतक नरहरपुर निवासी देवराज विश्वकर्मा पिता स्व. दुकालू राम विश्वकर्मा अपनी मोटर सायकल क्रमांक ओडी 26 सी 1095 में सवार होकर कांकेर आते समय ग्राम पंडरीपानी तालाब के पास करीबन दोपहर 12 बजे विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 05 एक्स 4630 के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से सिर, दोनो पैर मे गंभीर चोट लगने से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान शाम पौने 6 बजें घायल का मौत हो गया। आरोपी वाहन क्रमांक ▶▶ शेष पेज 10 पर




## शांति समिति की बैठक में होली शांतिपूर्वक मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुधावा

होली पर्व को देखते हुए शुक्रवार 22 मार्च को दुधावा चौकी प्रभारी योगेन्द्र कुमार वर्मा, सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल साहू द्वारा चौकी अंतर्गत आने वाले जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रमुखों, सरपंच, पंच, पत्रकार एवं कोटवार की उपस्थिति में शांति समिति ▶▶ शेष पेज 10 पर



होली का धुआं आकाश की ओर होने पर हो सकता है राजनीति में बदलाव

## होली पर भद्रा का प्रभाव, रात 11 बजे के बाद होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

सनातन धर्म में होलिका दहन का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जाता है, इस पर्व को फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के एक दिन पहले रात में मनाया जाता है। इस साल धुलेड़ी 25 मार्च को मनाई जाएगी और 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार इस साल होलिका दहन पर 6 शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। भद्रा पड़ने के कारण होलिका दहन का शुभ समय रात 11 बजकर 13 मिनट से 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा।होलिका दहन रविवार 24 मार्च को किया जाएगा। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत को माना जाता है, और इससे समृद्धि और खुशियां घर में प्रवेश करती हैं। मान्यता है कि नकारात्मकता और बीमारियां नष्ट हो जाती हैं। होलिका दहन के तीन नियम है पहले तो पूर्णिमा तिथि हो, रात्रि का समय हो और भद्रा न हो। इस साल होलिका दहन का समय रात्रि 10 बजकर 28 मिनिट के बाद का है। होली के दिन रात्रि 10 बजकर 28 मिनिट तक भद्रा है। इसलिए होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त देर रात 10 बजकर 28 मिनट के बाद ही शुरू होगा। इस साल होलिका दहन का शुभ समय रात 11:13 बजे से 12:27 बजे तक रहेगा।

यह समय होलिका दहन के लिए शुभ माना जा रहा है क्योंकि इस मुहूर्त में भद्रा नहीं पड़ रही है। होलिका दहन पर 6 शुभ योग भी बन रहे है, जिसमें सर्वार्थ सिद्धि का योग 24 मार्च की सुबह 7 बजाकर 34 मिनट से अगले दिन 25 मार्च को सुबह 6 बजकर 19 मिनट तक, रवि योग 24 मार्च की सुबह 6 बजकर 20 मिनट से सुबह 7 बजकर 34 मिनट तक, वृद्धि योग 24 मार्च की रात 8 बजकर 34 मिनट से शुरू होगा और अगले दिन 25 मार्च को रात 9 बजकर 30 मिनट तक, होली के दिन कुंभ राशि में मंगल और शुक्र की युति उत्पन्न होगा और धन शक्ति योग बनेगा, होली के दिन शनि, मंगल, शुक्र कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे और त्रिग्रही योग और सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य योग भी बन रहा है।




### होलिका दहन पर हवा की दिशा से फल कथन

सनातन हिंदू धर्म शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि होलिका दहन के समय हवा की दिशा और गति देखकर शुभ अशुभ का निर्णय किया जा सकता है। होलिका दहन के समय यदि वायु का वेग पूर्व दिशा की ओर हो, तो सर्वत्र खुशहाली आती है। अगर वेग दक्षिण दिशा की ओर हो, तो इसे अशुभ माना जाता है, जिसके अशुभ प्रभाव से महामारी, फसलों को नुकसान, विद्रोह एवं राज्य की सत्ता भंग होने की संभावना बनती है। यदि पश्चिम दिशा की ओर वायु का वेग हो तो कृषि को नुकसान और अगर उत्तर की ओर है तो यह अत्यंत शुभ माना जाता है, क्योंकि उत्तर दिशा धन के देवता कुबेर की दिशा होने से सर्वत्र धन धान्य से पूर्णता रहेगी। इसके साथ ही आर्थिक क्षेत्र में उन्नति होती है। अगर वायु का वेग अथवा होली का धुंआ आकाश की ओर जाता है, तो इसे राजनीति में बदलाव का सूचक माना जाता है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

